कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अम्बेडकरनगर।

पत्रांक : C-2421 / जि0का0अधि0 / आं0बा0चयन / 2025–26 दिनांक : 12.11.2025

प्रेस विज्ञप्ति

निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0–लखनऊ के पत्र संख्या सी0–3522 दिनांक 06 नवम्बर 2025 द्वारा दिये गये निर्देश एवं आंगनबाड़ी चयन समिति के प्रस्तावानुसार जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त शासनादेश संख्या–1 / 1092245 / 2025 / 3313 / 58–1–2025(1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 में निहित प्राविधानों के अनुसार जनपद अम्बेडकरनगर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका के मानदेय आधारित सेवाओं के लिए निम्न विवरणानुसार रिक्त पदों को भरे जाने हेतु विभाग द्वारा विकसित पोर्टल **upanganwadibharti.in** पर पात्र आवेदिकाओं से ऑन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 02.12.2025 मध्य रात्रि 12:00 बजे होगी।

क्रम सं0	परियोजना का नाम	पूर्व चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत **आं0बा0 कार्यकत्री** के अवशेष रिक्त पदों पर चयन के लिए सीधी भर्ती के अन्तर्गत पात्र आवेदिकाओं से ऑन लाइन आवेदन हेतु विवरण				नवीन चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत **आं0बा0 सहायिका** के रिक्त पदों पर चयन के लिए सीधी भर्ती के अन्तर्गत पात्र आवेदिकाओं से ऑन लाइन आवेदन हेतु विवरण			
		अना0	अ0पि0वर्ग	अनु0जा0	योग	अना0	अ0पि0वर्ग	अनु0जा0	योग
1	अकबरपुर	2	0	0	2	69	26	25	120
2	टाण्डा	7	0	0	7	66	51	32	149
3	भीटी	1	0	0	1	28	11	15	54
4	कटेहरी	1	0	0	1	25	15	16	56
5	जलालपुर	3	0	0	3	72	43	33	148
6	भियॉव	0	0	0	0	30	20	15	65
7	बसखारी	1	0	1	2	31	17	16	64
8	रामनगर	1	0	0	1	36	10	13	59
9	जहॉगीरगंज	1	0	0	1	58	29	23	110
10	शहर	1	1	2	4	12	8	4	24
योग :–		18	1	3	22	427	230	192	849

पात्रता एवं शर्तें :–

1. आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, आयु की गणना हेतु कट ऑफ डेड 01 जुलाई 2025 होगी।
2. आयु के सम्बन्ध में हाईस्कूल अंकतालिका में प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।
3. आंगनबाड़ी कार्यकत्री / सहायिका के चयन हेतु न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होगी।
4. आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सम्बन्धित तहसील से डिजिटल ऑन लाइन जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।
5. आय प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 3559 / 1–9–11–राज0–9 दिनांक 30.09.2011 के क्रम में सक्षम स्तर से जारी आय प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।
6. तलाकशुदा / परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश ही मान्य होंगे।
7. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी / सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी।
8. शासनादेश के अनुसार चयन की कार्यवाही चयन समिति द्वारा की जायेगी जिसका अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय से प्राप्त होने पर नियमानुसार चयनित आवेदिका को नियुक्ति पत्र जारी किया जायेगा।
9. चयन की कार्यवाही हेतु फ्लो चार्ट निम्नवत् होगा :–
   गरीबी रेखा से नीचे (BPL) → विधवा→ विधिक तलाकशुदा / परित्यक्ता → अन्य बी0पी0एल0
   गरीबी रेखा से ऊपर (APL)→ विधवा→ विधिक तलाकशुदा / परित्यक्ता → अन्य ए0पी0एल0 महिला
10. उपरोक्त में से कोई न मिलने पर न्याय पंचायत में से उपरोक्तानुसार श्रेणीवार चयन किया जायेगा।
11. **मेरिट सूची** :– एक ही श्रेणी की एक से अधिक पात्र आवेदिका के उपलब्ध होने की दशा में सभी आवेदिकाओं की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी जिसमें इण्टरमीडिएट से लेकर परास्नातक के प्राप्तांक की मेरिट तैयार की जाएगी तदुनसार मेरिट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली आवेदिका का चयन किया जायेगा।
    मेरिट इण्टरमीडिएट प्राप्तांक का प्रतिशत / 10+स्नातक प्राप्तांक का प्रतिशत / 10+परास्नातक प्राप्तांक का प्रतिशत / 10
12. आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट **upanganwadibharti.in** पोर्टल पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाइन व सही–सही सावधानीपूर्वक भरे जायेंगे, कोई भी आवेदन पत्र / अभिलेख ऑफ लाइन मान्य नहीं होंगे।

13. आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जाएंगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया होगा। कोई भी आवेदन या अभिलेख ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नहीं होंगे।

14. यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आंकड़े/शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूट रचित पाए जायेगें तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

15. रिक्त पदों का विवरण बाल विकास परियोजना कार्यालय, ब्लाक, तहसील, कलेक्ट्रेट, विकास भवन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
अम्बेडकरनगर।
(सदस्य सचिव, आं0बा0चयन समिति)

पृष्ठांकन संख्या : C-2421 /तद्दिनांक।
प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0-लखनऊ।
2- जिलाधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर।
3- मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर।
4- अध्यक्ष आं0बा0 चयन समिति, अम्बेडकरनगर।
5- सम्मानित सदस्यगण, आं0बा0 चयन समिति, अम्बेडकरनगर।
6- जिला सूचना अधिकारी, अम्बेडकरनगर।
7- जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, अम्बेडकरनगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया जनपद की वेबसाइट पर उपरोक्त विज्ञापन अपलोड करने का कष्ट करें।
8- जिला संवाददाता, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण एवं जनमोर्चा को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त विज्ञापन न्यूनतम् शासकीय दर पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
9- समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी को इस निर्देश के साथ कि विज्ञापन एवं सम्बन्धित परियोजना में रिक्त पदों का आरक्षणवार विवरण तहसील, ब्लाक एवं परियोजना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चश्पा कराते हुए सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें।
10- कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
अम्बेडकरनगर।
(सदस्य सचिव, आं0बा0चयन समिति)